पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

शिक्षकों का काम कच्ची मिट्टी को आकार देने जैसा है - राज्यपाल

विद्यार्थी का पहला धर्म विद्या ग्रहण करना है - श्री नाईक

लखनऊः 10 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज क्राइस्ट चर्च का ॅलेज, लखनऊ के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में कक्षा-3 से कक्षा-11 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, श्री आर0के0 चत्री सहित अभिभावकगण भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर विशेष बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने बिना किसी भय के अच्छा प्रदर्शन किया। इसके लिए विशेष तौर पर उनकी शिक्षिकाएं बधाई की पात्र है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों का काम कच्ची मिट्टी को आकार देने जैसा काम है। विद्यार्थी को सही और योग्य आकार मिले इसका प्रयास शिक्षकों को करना चाहिए। विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के अलावा अन्य विधाओं एवं खेल-कूद में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्य कला एवं विधा सीखकर विद्यार्थी अच्छे नागरिक बन सकते हैं।

श्री नाईक ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी का पहला धर्म विद्या ग्रहण करना है। कडे परिश्रम से गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त करें। समय को बचाकर विद्या मिलती है और कण-कण को जोड़कर धन प्राप्त होता है। जिसने समय बर्बाद किया उसे विद्या नहीं प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी समय का सदुपयोग करें।

राज्यपाल ने कहा कि व्यक्तित्व के सुधार से विकास का रास्ता खुलता है। जीवन में प्रगति और सफलता के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को चार मंत्र बताये। उन्होंने कहा कि सफल भविष्य के लिये सदैव प्रसन्नचित रह कर मुस्कराते रहें। दूसरे के अच्छे गुण की प्रशंसा करें तथा अच्छे गुणों को आत्मसात करने की कोशिश करें। दूसरों को छोटा न दिखाये और हर काम को और बेहतर ढंग से करने का प्रयास करें। विद्यार्थी की पहचान उसके विद्यालय से होती है। छात्रगण ऐसा काम करें कि कालेज, परिवार, शहर, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन हो। उन्होंने कहा कि देश को बड़ा करने के लिए विद्यार्थी परिश्रम करने का संकल्प करें। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये अपनी शुभकामनायें भी प्रेषित की।

CHRIST CHURCH COLLEGE
UCKNOW

LUCKNOW
DAY

CHRIST CHURCH COLLEGE

CHRIST CHURCH COLLEGE
LUCKNOW
PRIZE DAY